**अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध/ई0मेल द्वारा**

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/पीपीपी0 मोड/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/सैत्रिक अंक/2025/5397 लखनऊः दिनांकः– 23/11/2025

विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा नवम्बर–दिसम्बर, 2025 में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यक्रम के रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड छात्र/छात्राओं के सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यक्रम के रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड छात्र/छात्राओं के सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंक Student Centred Activities की सूचियों के प्रारूप संस्था लॉगिन पर निम्न विवरण के अनुसार प्रेषित किये जा रहे हैं:–

1. विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर, 2025 से सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर के पंजीकृत रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड छात्र/छात्राओं के सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंकों/SCA अंकों की सूचियॉ, परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर दिनांक 24/11/2025 से उपलब्ध कराई जा रही है।
2. विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर 2025 से सम्बन्धित सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक/SCA की सूचियों में अंकों की प्रविष्टि ऑनलाइन किया जाना है, ऑनलाइन सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक/SCA अंकों की प्रविष्टि कराये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 30/11/2025 तक निर्धारित है।

- **ऑनलाइन सैत्रिक अंक भरे जाने सम्बन्धी निर्देशः–**

1. संस्था में संचालित समस्त पाठ्यकमों की सूची Select Trade के अन्तर्गत लिस्ट में प्रदर्शित होगी।
2. Trade Code के चयन के बाद Academic Semester को Select करना होगा, जिसमें Academic Semester का Semester Code प्रदर्शित होगा।
3. Academic Semester के Selection के बाद Paper वाले Box में Sessional, Games एवं Discipline/SCA अंकों का चयन करना होगा तद्पश्चात Entry Marks के बटन को Click करना होगा, जिससे चयनित ब्रांच के चयनित सेमेस्टर के चयनित विषय से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें Marks Obtained के कालम में छात्र/छात्रा के अंकों की प्रविष्टि करनी होगी। सम्पूर्ण सूची में अंकों की प्रविष्टि किये जाने के पश्चात **"Save" Button** के माध्यम से भरा हुआ डेटा सेव करना होगा।
4. सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंकों/SCA अंकों को ऑनलाइन भरने के पश्चात प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के समस्त ब्रांच एवं पाठ्यकम की सूचियों का प्रिंट निकाल लें तथा समस्त सूचियों के प्रत्येक पृष्ठ पर विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर के बाद संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक हस्ताक्षर करके संस्था की मुहर लगाकर सॉफ्टकॉपी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई0मेल0 upbteanu6@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**सैत्रिक/गेम्स/अनुशासन अंक/SCA अंक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशः–**

1. प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के समस्त रजिस्टर्ड/रि–रजिस्टर्ड छात्र/छात्राओं के सैत्रिक अंक उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा का प्रदान किया जाना) प्रथम संशोधन विनियमावली–2016 के विनियम–18 के प्रतिस्थापित उपबन्धों में वर्णित प्राविधान के अनुसार प्रदान किये जायेंगे।

2. समस्त लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सभी विषयों के सैत्रिक अंकों का योग कोड –51 में, गेम्स के अंक कोड –52 में तथा अनुशासन के अंक कोड–53 में भरे जायेंगे एवं NSQF पाठ्यचर्या वाले पाठ्यक्रम में SCA अंक 52 में भरा जायेगा।
3. सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने के उपरान्त किसी अन्य कार्मिक से सैत्रिक अंकों के पृविष्टि की जॉच अवश्य करायें तथा सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने वाले एवं जॉच करने वाले कार्मिक के हस्ताक्षर प्रत्येक पृष्ठ पर अवश्य करायें।
4. सैत्रिक अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि के पश्चात सैत्रिक अंकों में किसी भी दशा में संशोधन नहीं किया जायेगा। चाहे वह लिपिकीय त्रुटि क्यों न हो। उक्त के पश्चात प्रधानाचार्य/निदेशक को ऑनलाइन प्रविष्टि किये गये सैत्रिक अंकों में संशोधन करने का कोई भी अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
5. किसी भी छात्र/छात्रा को यदि 90% से अधिक सैत्रिक अंक प्रदान किये जाते हैं तो ऐसे छात्र/छात्रा की मासिक परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं की छायाप्रतियॉ एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की छायाप्रति सैत्रिक अंक सूची के साथ संलग्न कर परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाये। यह भी अवगत कराना है कि परिषद विनियमावली "उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश, परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा प्रदान किया जाना) प्रथम संशोधन) विनियमावली 2016 के विनियम 26 के स्तम्भ–2 में एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम (4) के अनुसार "यह कि संस्था द्वारा एक बार संसूचित और परिषद द्वारा स्वीकार किये गये आंतरिक निर्धारण अंकों (सेशनल, खेलकूल, अनुशासन) में परिणामों की घोषणा के पश्चात परिवर्तन नही किया जायेगा" के अन्तर्गत आप द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि कराये गये सैत्रिक अंकों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन परीक्षाफल घोषित होने के उपरांत किया जाना नियम विरूद्ध है। अतः सैत्रिक आदि अंक सूचियों में अंकों की प्रविष्टि सावधानी पूर्वक की जाये।

आप भली–भांति सुनिश्चित कर लें कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराये गये सभी पंजीकृत छात्र/छात्राओं द्वारा चयनित किये गये विषयों का अंकन उक्त सूची में हो गया है। आप द्वारा ऑनलाइन प्रविष्टि कराये गये सैत्रिक अंकों में किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन किया जाना सम्भव नहीं होगा। यदि इस स्थिति में संस्था का कोई छात्र/छात्रा सैत्रिक अंक प्रदान न किये जाने से वंचित रह जाता है, तो इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा।

अस्तु आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार वर्णित प्रकिया के अनुसार विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, नवम्बर–दिसम्बर, 2025 में सम्मिलित हो रहे समस्त छात्र/छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंकों/SCA अंकों की सूचियों में सावधानी पूर्वक अंकों की प्रविष्टि दिनांक 30/11/2025 तक अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी दशा में परिषद द्वारा तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी।

सैत्रिक अंकों की सॉफ्टकॉपी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई0मेल0 **upbteanu6@gmail.com** पर प्रेषित किया जाना है, एवं हार्डकापी संस्थाएँ दो वर्षो तक अपने पास सुरक्षित रखेंगी, ताकि भविष्य में किसी भी विषम परिस्थित में संस्था द्वारा हार्डकापी उपलब्ध करायी जा सके।

भवदीय,

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/सैत्रिक अंक/2025/5398–5402 तद्दिनांकः– 23/11/2025
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव महोदय, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(डॉ0 संतोष कुमार सिंह)
सचिव।